No. of Printed Pages : 8

CNCC-001

02286

# CERTIFICATE IN NUTRITION AND CHILD CARE

## Term-End Examination

## June, 2017

## CNCC-001 : NUTRITION FOR THE COMMUNITY

*Time : 3 hours* *Maximum Marks : 100*

***Note :*** *Question No. **1** is **compulsory**. Answer **five** questions in **all**. **All** questions carry **equal** marks.*

1. (a) Fill in the blanks : 5

    (i) MUAC less than __________ cm indicates severe malnutrition.

    (ii) Low weight for height indicates __________.

    (iii) Meals provided under the mid day meal programme provides roughly __________ kcal and __________ proteins.

    (iv) Infants age 6-11 months should be given a dose of _________ Vitamin A.

    (v) __________ is a vehicle for supplying iodine in the diet.

(b) Match the items in Column A with the items in Column B. **5**

| | Coloumn - A | | Coloumn - B |
|---|---|---|---|
| (i) | Component of ICDS | (A) | Phytate |
| (ii) | Measurement of nutrient concentration in body fluid | (B) | Copper |
| (iii) | Extracellular fluid | (C) | Iron |
| (iv) | Myoglobin | (D) | Biochemical assessment |
| (v) | Inhelitor | (E) | Immunisation |
| | | (F) | Clinical assessment |
| | | (G) | Sodium |

(c) Explain in **2-3** sentences each : **10**

(i) Mineralization

(ii) Food group

(iii) Catch-up growth

(iv) Indian Reference Woman

(v) Food Infections

2. (a) Discuss the role of Vitamin A in maintaining normal vision. **5**

(b) Justify why body building foods are essential for young children. **5**

(c) Enumerate the role of calcium and phosphorous in our body. **5**

(d) Comment on the food sources of iron in our diet. **5**

3. (a) What are recommended dietary intakes ? Give the RDI for calories and proteins for the following : 3+6
- Pregnant woman in 2nd trimester
- Pre school child
- 13 year old adolescent girl

(b) What points would you keep in mind while planning meals for : 5+6
- Adult woman
- Lactating Mother

4. (a) Classify foods based on perishability, giving appropriate examples. 5

(b) What is pasteurization of milk ? Explain briefly. 5

(c) What are the three important factors that can help us economize on our food expenditure ? 5

(d) Enumerate the food standards put in place by the government for consumer protection. 5

5. (a) What are the causative factors of PEM ? 5

(b) Give the clinical features and preventive measures for the following disease conditions : 5+5+5
(i) Ariboflavinosis
(ii) Rickets
(iii) Lathyrism

6. (a) Briefly explain the affect of infection on nutritional status of children. 5

(b) What is energy imbalance ? What measures would you adopt to present such an imbalance ? 2+6

(c) Give the beneficiaries and the services provided under the Integrated Child Development Services Programme. 7

7. (a) What are the records you would maintain in a food service establishment to ensure effective functioning ? 10

(b) What is menu planning ? How is it useful for a food service unit ? 5

(c) What equipment and utensils you would buy for a canteen kitchen ? 5

8. Write short notes on **any four** of the following : 5+5+5+5

(a) Steps in planning balanced diets

(b) Methods of food preservation

(c) Digestion, absorption and utilization of carbohydrates in our body

(d) Growth Monitoring and its significance

(e) Maternal malnutrition and its consequences

# पोषण एवं बाल देखभाल में प्रमाण-पत्र

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2017

## सी.एन.सी.सी.-001 : समुदाय के लिए पोषण

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** *प्रश्न सं. 1* ***अनिवार्य*** *है। कुल* ***पाँच*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***सभी*** *प्रश्नों के अंक* ***समान*** *हैं।*

1. (a) रिक्त स्थान भरिए : 5

(i) बाँह के मध्य भाग की__________ से.मी. से कम परिधि गंभीर कुपोषण की द्योतक है।

(ii) लंबाई के अनुरूप कम भार __________ का सूचक है।

(iii) मध्याह्न पोषण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदान किए जाने वाले आहारों में लगभग __________ कि.कै. और __________ प्रोटीन होता है।

(iv) 6-11 माह के शिशुओं को विटामिन ए की __________ खुराक दी जानी चाहिए।

(v) __________ आहार में आयोडीन की आपूर्ति का साधन है।

(b) कॉलम 'क' को कॉलम 'ख' से मिलाइए : 5

| | कॉलम - क | | कॉलम - ख |
|---|---|---|---|
| (i) | आई.सी.डी.एस. का घटक | (A) | फाइटेट |
| (ii) | शरीर-द्रव्य में पोषक-तत्त्वों के संकेंद्रण को मापना | (B) | तांबा |
| (iii) | कोशिका -बाह्य द्रव्य | (C) | लौह-तत्त्व |
| (iv) | मायोग्लोबिन | (D) | जैवरासायनिक निर्धारण |
| (v) | अवरोधक पदार्थ | (E) | टीकाकरण |
| | | (F) | नैदानिक निर्धारण |
| | | (G) | सोडियम |

(c) निम्नलिखित प्रत्येक को **2-3** वाक्यों में स्पष्ट कीजिए : **10**

(i) खनिजन

(ii) खाद्य-वर्ग

(iii) कैच-अप वृद्धि

(iv) भारतीय संदर्भ महिला

(v) खाद्य संक्रमण

2. (a) सामान्य दृष्टि को बनाए रखने में विटामिन ए की भूमिका की चर्चा कीजिए। 5

(b) छोटे बच्चों के लिए शरीर का निर्माण करने वाले खाद्य पदार्थ अनिवार्य क्यों होते हैं ? पुष्टि कीजिए। 5

(c) हमारे शरीर में कैल्सियम और फॉसफोरस की भूमिका का वर्णन कीजिए। 5

(d) हमारे आहार में लौह तत्त्व के खाद्य-स्रोतों पर टिप्पणी कीजिए। 5

3. (a) पोषक तत्त्वों की प्रस्तावित दैनिक मात्राएँ क्या हैं? निम्नलिखित के लिए कैलोरी और प्रोटीन के लिए पोषक तत्त्वों की प्रस्तावित दैनिक मात्राएँ बताइए : 3+6

- दूसरे त्रिमास में एक गर्भवती महिला
- शालापूर्व बच्चा
- 13 वर्ष की किशोरी

(b) निम्नलिखित के लिए आहारों की योजना बनाते समय आप किन बातों को ध्यान में रखेंगे ? 5+6

- वयस्क महिला
- स्तनपान कराने वाली माँ

4. (a) उपयुक्त उदाहरण देते हुए खाद्य-पदार्थों के खराब होने के आधार पर उनका वर्गीकरण कीजिए। 5

(b) दूध का पास्चरीकरण क्या है? संक्षेप में बताइए। 5

(c) भोजन के खर्च में किफायत लाने में सहायक तीन महत्त्वपूर्ण कारक कौन से हैं? 5

(d) उपभोक्ता संरक्षण के लिए सरकार द्वारा निर्धारित खाद्य मानकों का वर्णन कीजिए। 5

5. (a) पी.ई.एम. होने के कारक/कारण क्या हैं? 5

(b) निम्नलिखित रोग-स्थितियों के नैदानिक लक्षण और रोकथाम संबंधी उपाय बताइए : 5+5+5

(i) राइबोफ्लेविहीनता

(ii) रिकेट्स

(iii) कलाय खंज

6. (a) बच्चों के पोषणात्मक स्तर पर संक्रमण के प्रभाव का संक्षेप में वर्णन कीजिए। 5

(b) ऊर्जा असंतुलन क्या है ? ऐसे असंतुलन की रोकथाम के लिए आप क्या उपाय करेंगे ? 2+6

(c) समन्वित बाल विकास सेवाएँ कार्यक्रम के अन्तर्गत लाभार्थियों और प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारे में बताइए। 7

7. (a) खाद्य परिवेषण संस्था की प्रभावी कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने के लिए आप कौन से रिकार्ड बनाएंगे ? 10

(b) व्यंजन-सूची की योजना बनाने से क्या अभिप्राय है ? खाद्य परिवेषण इकाई में यह किस प्रकार उपयोगी होता है ? 5

(c) कैंटीन रसोई घर के लिए आप कौन से उपकरण व बर्तन खरीदेंगे ? 5

8. निम्नलिखित में से **किन्हीं चार** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : 5+5+5+5

(a) संतुलित आहार की योजना बनाने में सम्मिलित चरण

(b) खाद्य परिरक्षण विधियाँ

(c) हमारे शरीर में कार्बोज का पाचन, अवशोषण और उपयोग

(d) वृद्धि अनुवीक्षण और इसका महत्त्व

(e) मातृक कुपोषण और उसके परिणाम